**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 19.09.2024**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

- **राज्यपाल ने प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कामकाज की आज समीक्षा की–कुलपतियों को शैक्षणिक कैलेंडर का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश।**
- **विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस टावर का ऑनलाईन लोकार्पण किया।**
- **आज रायपुर में हुए जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जरूरतमंद लोगों और दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता राशि और उपकरण प्रदान किए।**
- **कबीरधाम में विचाराधीन कैदी की मौत के बाद प्रशासन ने जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को किया निलंबित।**

## प्रधानमंत्री–प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किया जाना भारतीय लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री मोदी ने इस प्रयास का नेतृत्व करने और संबंधित पक्षों के साथ परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की सराहना की।

## विश्व बांस दिवस

विश्व बांस दिवस पर कल केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस टॉवर का ऑनलाईन लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस मौके पर श्री गडकरी ने बांस से बने इस टॉवर की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह वजन में हल्का है और इसका जीवनकाल कम से कम पच्चीस वर्षों का है। वॉच टॉवर, टेलीकॉम टॉवर, ट्रांसमिशन टॉवर और रेडियो टॉवर के रूप में इसका उपयोग हो सकता है। श्री गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यदि बांस के उपयोग के बारे में कोई नीति बनाती है और उसे प्रोत्साहित करती है, तो वहां के आदिवासियों का जीवन बदल जाएगा। छत्तीसगढ़ के हैंडलूम्स, हैंडीक्रॉफ्ट्स और मेटल–क्रॉफ्ट्स में नये डिजाइन बनेंगे तो उनकी अच्छी बिक्री होगी। गौरतलब है कि बेमेतरा जिले के कठिया गांव में एक निजी उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस टॉवर का निर्माण किया गया है। करीब ग्यारह लाख रुपए की लागत से निर्मित पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाले इस टॉवर की ऊंचाई एक सौ चालीस फीट और वजन सात हजार चार सौ किलोग्राम है।

## जनदर्शन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास में आज जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता राशि, कृत्रिम हाथ, श्रवण यंत्र, दिव्यांगजनों को वॉकर और मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। जनदर्शन कार्यक्रम में कुछ युवाओं ने मुख्यमंत्री से पीएससी सहित शासकीय भर्तियों में आयु सीमा बढ़ाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को बताया कि राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में पुलिस सहित शासकीय भर्तियों में निर्धारित आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को इकतीस दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ मिलेगा। वहीं, दक्षिण कोरिया में पच्चीस से तीस अगस्त तक आयोजित एशियन कप बीच वुडबॉल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर लौटीं महासमुंद की चैन कुमारी निषाद और रायपुर की रंजीता खलको ने मुख्यमंत्री से जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुलाकात की। इन खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है।

## स्वच्छता अभियान

सूचना और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर दो से इकतीस अक्टूबर के बीच विशेष स्वच्छता अभियान 'फोर प्वॉइंट ओ' चलाएगा। इस अभियान के तहत कार्यालय परिसर की स्वच्छता, मामलों का निराकरण, बेहतर स्थानीय प्रबंधन और संचार के विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया

जाएगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने सभी मीडिया इकाई प्रमुखों के साथ विशेष अभियान 'फोर प्वॉइंट ओं' की प्रगति की समीक्षा की। इधर, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में आज हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड के कैडेट सहित स्वयंसेवी संगठन ने हिस्सा लिया। वहीं, सक्ती जिले के जनपद पंचायत में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में श्रमदान और सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जशपुर के बगीचा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सामुदायिक शौचालय के साथ ही अन्य जगहों की साफ–सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इधर, मुंगेली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ स्थित जिला अस्पताल और आसपास की सड़कों की साफ–सफाई की।

**कबीरधाम–मामला**

कबीरधाम जिले में जेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत के बाद प्रशासन ने जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि कल संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल ले जाते समय विचाराधीन कैदी प्रशांत साहू की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर शक जाहिर करते हुए प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इस बीच, गृह मंत्री विजय शर्मा ने मृतक के परिजनों को दस लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव की घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

**पटवारी/एएसआई–निलंबित**

कोरबा जिले में रिश्वत मांगने के आरोप में कलेक्टर अजीत वसंत ने भैसमा के पटवारी विमल सिंह को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि पटवारी ने फौती नामांतरण के लिए एक ग्रामीण से अस्सी हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसकी शिकायत पीड़ित ने जिला प्रशासन से की थी। इसके बाद शासकीय कार्य में उदासीनता और लापरवाही बरतने पर पटवारी को पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं, इसी जिले के दीपका थाने में पदस्थ एक पुलिस उप निरीक्षक परमेश्वर राठौर और प्रधान आरक्षक योगेश रात्रे को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि एक प्रकरण को रफा–दफा करने के बदले एएसआई ने एक व्यक्ति से करीब दो लाख चालीस हजार रूपये मांगे थे, जिसकी शिकायत पर मामले की जांच दर्री के नगर पुलिस अधीक्षक से कराई गई। शिकायत सही पाए जाने पर एएसआई और प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इधर, सक्ती जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मालखरौदा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अश्वनी जायसवाल को अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर निलंबित कर दिया है।

**अरूण साव–अमेरिका**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका की अपनी आठ दिवसीय अध्ययन यात्रा पूरी कर कल बीस सितंबर को रायपुर लौटेंगे। गौरतलब है कि श्री साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर नौ सितम्बर को अमेरिका के लिए रवाना हुए थे। अपने अमेरिका प्रवास के आठ दिनों के दौरान उन्होंने न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को में सड़क तथा भवन निर्माण परियोजनाओं का अवलोकन किया और विशेषज्ञों से छत्तीसगढ़ में उन्नत सड़क परियोजनाओं तथा भवन निर्माण में आधुनिक तकनीकों तथा मशीनरी के उपयोग के संबंध में भी चर्चा की। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कों और भवनों के निर्माण के लिए अमेरिका में प्रचलित नई तकनीकों और उपायों का अध्ययन कर लोक निर्माण विभाग में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

**केंद्रीय राज्यमंत्री–परिवर्तन यात्रा**

झारखंड के चतरा जिले के प्रभारी और केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भारतीय जनता पार्टी की पच्चीस सितंबर को निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर कोर कमेटी की बैठक ली। इस परिवर्तन यात्रा में सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे।

**भाजपा–सदस्यता अभियान**

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के जरिये अलग–अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके प्रतिभावान लोगों की जानकारी एकत्रित करेगी। भाजपा प्रदेश सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया कि इस अभियान के तहत अलग से एक प्रतिभा पंजीकरण पत्र भरवाया जाएगा, जिसके माध्यम से सदस्यता प्राप्त करने वाले लोगों के रूझान की जानकारी ली जाएगी। चयनित सदस्यों को पार्टी अलग–अलग मंचों पर स्थान देकर उनकी

प्रतिभा को और निखारने का काम करेगी। वहीं, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर इक्कीस सितंबर को अनुसूचित जाति समाज के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों से प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मुलाकात करेंगे।

**<u>प्रदर्शन/हड़ताल</u>**

संयुक्त ट्रेड यूनियन ने आज सेल कर्मचारियों के उनतालीस महीने के एरियर्स, बोनस के फॉर्मूले में परिवर्तन और निजीकरण के विरोध में भिलाई के बोरिया गेट में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बीएएमएस, इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू लोईमू और इस्पात श्रमिक मंच शामिल हुए। वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के नगरीय निकाय के कर्मचारी, पुरानी पेंशन योजना समेत छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिसके चलते नगरीय निकायों में कामकाज प्रभावित हुआ है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दुनियाभर के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची जारी की है। इस सूची में रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी के पंद्रह प्रोफेसर भी शामिल हैं।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल बीस सितंबर को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी।

– प्रदेशभर के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए तेईस सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के देवगंवा गांव के सभी घरों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है।

– कोंडागांव जिले में रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा तेईस सितंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मर्दापाल और चौबीस सितम्बर को जनपद पंचायत केशकाल में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>